वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 15 जुलाई, 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

COVID काल में शिक्षा शुल्क में छूट निर्धारित करें सरकारें: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरोना वाइरस महामारी जनित इन विषम परिस्थितियों में छात्रों एवं अभिभावकों को राहत पहुंचाने के लिए विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शुल्क नियंत्रण एवं तय शुल्क में छूट देने हेतु शुल्क निर्धारण समिति की माँग करती हैं।

लॉकडाउन के कारण देश भर में अनेक परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही स्थिति सामान्य होने तक विद्यार्थी घर रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले हैं ऐसे में विद्यार्थियों से लिये जाने वाले विभिन्न सुविधा शुल्क को माफ़ किया जाए। अभाविप शिक्षण संस्थाओं से यह माँग करती है कि विद्यार्थियों को फ़ीस किश्तों में जमा कराने का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाए।

अभाविप निजी शिक्षण संस्थाओं को सुचारू रूप से चलने एवं प्राध्यापक, सहयोगी स्टाफ़ के वेतन इत्यादि हेतु धन की आवश्यकता को समझती है, लेकिन आज की परिस्थितियों को देखते हुए सरकार एवं शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थी हितों को प्राथमिकता देते हुए इस विशेष परिस्थिति में प्रत्येक पाठ्यक्रम का शुल्क इस वर्ष के लिए नये सिरे से निर्धारण करने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा, "इन विषम परिस्थितियों में भी समाचार पत्रों में लगातार शिक्षण संस्थाओं द्वारा कहीं शुल्क वृद्धि तो कहीं शुल्क वसूली के लिए अभिभावकों और छात्रों को प्रताड़ित करने के समाचार आ रहे हैं। ऐसे में सरकार को हस्तक्षेप करते हुए शुल्क वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए एक कमेटी गठित करनी चाहिए, साथ ही अभिभावकों को शुल्क जमा कराने के लिए विकल्प उपलब्ध कराते हुए हमारा ध्यान इस पर केंद्रित होना चाहिए कि इन परिस्थितियों में संसाधनों की कमी से कोई भी छात्र पठन-पाठन से वंचित न रह जाए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)